भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या–**702**
उत्तर देने की तारीख–**08/02/2023**

श्रेयस के अंतर्गत शिक्षुता

702 # **श्री सतीश चंद्र दूबे:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्कीम फॉर हायर एजुकेशन यूथ इन अप्रेंटिसशिप एंड स्किल्स (श्रेयस) के तहत आवेदन करने वाले और सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या का वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) श्रेयस के तहत शिक्षुता सफलतापूर्वक पूरा करने पर सरकारी सेवा में रोजगार के अवसर प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ग) इस योजना को लागू करने वाले शैक्षणिक संस्थानों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह योजना देश के 10 प्रतिशत कार्यबल को नियोजित करने में सफल रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ) : श्रेयस शिक्षा मंत्रालय की एक अनुमोदित योजना नहीं थी परंतु शिक्षा प्रणाली के माध्यम से प्रशिक्षुता और कौशल युक्त पाठ्यक्रमों को लागू करने के लिए एक कार्य योजना/कार्यक्रम था। श्रेयस के लिए कोई बजटीय आवंटन नहीं था। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के माध्यम से उद्योग प्रशिक्षुता को डिग्री पाठ्यक्रमों से जोड़ने के लिए इसका पोर्टल 27.02.2019 को शुरू किया गया था। यह एक कार्यक्रमों का पिटारा था, जिसमें तीन केंद्रीय मंत्रालयों नामत शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय की पहल अर्थात एनएपीएस, राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) और उच्च शैक्षिक संस्थानों में बीए/बीएससी/बीकॉम (व्यावसायिक) पाठ्यक्रमों की शुरूआत शामिल थी। इस योजना के तहत अवसरों को संविदा में परिवर्तित करना महत्वपूर्ण नहीं था और इसलिए पोर्टल को बंद कर दिया गया था।

*****